चालकों के लिए कुछ योग्यताएं आदि निर्धारित की हैं। इन मशीनों के संचालन हेतु कार्मिकों के चयन के लिए विभागीय कर्मचारियों को अवसर दिया गया था लेकिन अन्य विभागीय उम्मीदवारों के साथ आई० सी० एल० मशीनों पर पहले काम करने वाले केवल एक उम्मीदवार को उपयुक्त पाया गया। दो बाहर के उम्मीदवारों का भी चयन किया गया। उल्लेखनीय है कि इन गणना मशीनों के लगाने से किसी कर्मचारी की छंटनी नहीं की गई।

(च) इलेक्ट्रानिक डाटा प्रोसेसिंग सेन्टर के पंच वेरीफायर चालक अच्छे सेवा रिकार्ड और ट्रेड परीक्षा उत्तीर्ण करने पर पांच साल की सेवा के बाद अगले ग्रेड में पदोन्नति के पात्र होते हैं। वे अब अगले ग्रेड में पदोन्नति के पात्र हो गए हैं। पदोन्नति हेतु उम्मीदवारों के चयन के लिए यथा-समय ट्रेड-परीक्षा ली जाएगी।

विवरण

आई०सी०एल० मशीनों पर हुए काम का तुलनात्मक ब्यौरा

क—अगस्त, 1975 से पूर्व

(i) मुख्यालय, जस्ता प्रद्रावक, जावर खानों तथा मातौन खानों के सभी कर्मचारियों के लिए सभी अनुसूचियों और कटौतियों एवं प्रेषण से संबंधित ब्योरों सहित वेतन बिल तैयार करना।

(ii) एस0आर0वी0–एस० टी0 बी0 विवरण, मूल्य भण्डार खातों, वार्षिक माल सूचियों, एक से तीन साल के दौरान न हटाए गए सामान तथा मालसूची नियंत्रण हेतु ए0 बी0 सी0 विश्लेषण सहित सामान की गणना।

(iii) कम्प्यूटर से भूवैज्ञानिक आंकड़े तैयार करना, विस्तार परियोजनाओं का आंशिक विश्लेषण का भविष्यनिधि की गणना।

ध्यान दें —मशीनों का 8 घंटे प्रति पारी आधार पर क्षमता से अधिक उपयोग करना।

ख—अगस्त, 1975 के बाद

(i) मुख्यालय के कर्मचारियों तथा जस्ता प्रद्रावक और जावर खानों के अधिकारियों के वेतन बिल व अन्य अनुसूचियां और ब्यौरे।

(ii) एस0 आर0 वी0 एस0 टी0 बी0 विवरण, मूल्य भंडार खातों, वार्षिक मालसूची ब्योरों, एक से तीन वर्ष के दौरान न हटाए गए सामान तथा मालसूची नियंत्रण के लिए ए0 बी0 सी0 विश्लेषण सहित सामान की गणना।

(iii) भूवैज्ञानिक आंकड़े, विस्तार परियोजनाओं का आंशिक विश्लेषण, जमा आयोजना से संलग्न बीमा ब्योरे तथा सभी यूनिटों के कर्मचारियों के सामूहिक बीमा, आनुतोषिकी बीमा आदि के आंकड़े।

ध्यान दें —मशीनों की उपलब्ध क्षमता का एक पारी आधार पर सामान गणना कार्य, मालसूची विश्लेषण आदि के बढ़े हुए काम में उपयोग हो रहा है।

12.30 hrs.

PAPERS LAID ON THE TABLE

Detailed Demands for Grants of the Ministry of Tourism & Civil Aviation for 1977-78

पर्यटन और नागर विमानन मंत्री (श्री पुरुषोत्तम कौशिक) : उपाध्यक्ष महोदय, मैं आप की आज्ञा से वर्ष 1977–78 के लिए पर्यटन और नागर विमानन मंत्रालय के अनुदानों की विस्तृत मांगों (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) की एक प्रति सभा पटल पर रखता हूं।

[*Placed in Library. See* No. LT-678/77.]